आज का मौसम

अधिकतम 34° C
न्यूनतम 29° C
सूर्य अस्त(आज) 7:23
सूर्य उदय(कल) 5:27

दैनिक समाचार पत्र

# जीत समाचार

जीत सच्ची खबर की

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश

वर्ष : 13 अंक : 285 मूल्य : 2 रू पृष्ठ : 8

शुक्रवार
3 जुलाई 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com


अनमोल वचन

“मन और इंद्रियों का सांसारिक विषयों से पोषण अंत में पछतावे का कारण बनता है।”

## संक्षिप्त न्यूज

### महिला और बाल विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आमंत्रित किए नामांकन

नई दिल्ली। महिला और बाल विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। यह पुरस्कार पांच से 18 वर्ष के बच्चों की असाधारण उपलब्धियों के लिए दिए जाते हैं। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। मंत्रालय ने बताया कि नामांकन अवहर्डस डहट जीओवी डहट आईएन पोर्टल पर किए जा सकते हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला तथा संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार कठिन परिस्थितियों में असाधारण साहस का प्रदर्शन करने वालों को भी दिया जाता है।

### डीआरआई ने त्रिपुरा के अगरतला में प्रतिबंधित कफ सिरप की भारी खेप जब्त की

त्रिपुरा(एजेंसी)। राजस्व खुफिया निदेशालय -डीआरआई ने वीरवार को त्रिपुरा के अगरतला में एक मालगाड़ी से प्रतिबंधित कफ सिरप की भारी खेप जब्त की। डीआरआई के एक अधिकारी ने बताया कि जब्त किए गए कफ सिरप का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग ₹6.54 करोड़ है। डीआरआई, असम राइफल्स और रेलवे सुरक्षा बल-आरपीएफ द्वारा चलाए गए संयुक्त अभियान के दौरान, एस्कफ और फेयरडील कफ सिरप की कुल 55,626 बोतलें जब्त की गईं। इस मामले में खोवाई जिले की एक निजी कंपनी के प्रबंधक सुब्रता देब को गिरफ्तार किया गया है। आगे की जांच जारी है।

# अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा घोटाला: सफाईकर्मियों से कराई जा रही थी गिनती, बैंक की आउटसोर्सिंग एजेंसी का ‘खेल’ बेनकाब!

अयोध्या(एजेंसी)। राम मंदिर में चढ़ावे की गिनती में कथित चोरी के मामले ने एक गंभीर मोड़ ले लिया है। एसआईटी की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है कि करोड़ों के चढ़ावे की गिनती में ट्रस्ट और बैंक की ओर से तय नियमों को ताक पर रखकर निजी आउटसोर्सिंग एजेंसियों का सहारा लिया गया। हद तो तब हो गई जब सुरक्षा और गोपनीयता के मानकों को दरकिनार कर सफाई कर्मियों से भी नकदी गिनने का काम कराया गया।



**क्या थी एसओपी और कहां हुई चूक?**
ट्रस्ट और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बीच हुए समझौते के तहत यह तय किया गया था कि चढ़ावे की गिनती अत्यंत सुरक्षित और पारदर्शी तरीके से होगी। समझौते के अनुसार, गिनती कक्ष में केवल ट्रस्ट और बैंक के अधिकृत अधिकारी एवं कर्मचारी ही मौजूद रह सकते थे। लेकिन, कथित तौर पर ‘अतिरिक्त कर्मचारियों की आवश्यकता’ का हवाला देकर वाराणसी की एक निजी आउटसोर्सिंग एजेंसी को इस संवेदनशील प्रक्रिया में शामिल कर लिया गया। जांच में सामने आया है कि यहीं से सुरक्षा में सबसे बड़ी सेंध लगी, क्योंकि एजेंसी के कर्मचारियों को बिना कड़े सत्यापन के गिनती कक्ष में सीधी पहुंच मिल गई।

**सुभाष और टिन्नू यादव की कार्यप्रणाली पर संदेह:** पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस पूरे हेरफेर के पीछे ‘सुनियोजित’ रणनीति काम कर रही थी। मंदिर की सुरक्षा में तैनात विभिन्न सुरक्षा बलों (एसएसएफ, पीएसी, सीआरपीएफ) के ड्यूटी प्वाइंट हर 15 दिन में बदले जाते हैं, लेकिन गिनती कक्ष के मामले में ऐसा नहीं हुआ। गणना इंचार्ज सुभाष और टिन्नू यादव पर आरोप है कि उन्होंने पिछले एक-दो सालों से अधिकतर एक ही कर्मियों को वहां तैनात रखा, जिससे उन्हें हेराफेरी का मौका मिला। अब पुलिस निजी सुरक्षाकर्मियों की भूमिका की भी गहन जांच कर रही है और जल्द ही उनसे पूछताछ के बाद गिरफ्तारियां संभव हैं।

**जांच के घेरे में ये बड़े सवाल :** इस मामले ने प्रशासन और बैंक प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं।

**सत्यापन का सवाल :** क्या इतनी संवेदनशील प्रक्रिया में निजी कर्मचारियों को शामिल करने से पहले उनका पुलिस और बैकग्राउंड वेरिफिकेशन कराया गया था? यदि हां, तो इसकी जिम्मेदारी किसकी थी?

**अनुमति का आधार :** गिनती कक्ष में प्रवेश की अंतिम अनुमति किस स्तर से और किन परिस्थितियों में जारी की गई थी?

**पर्यवेक्षण की विफलता :** बैंक की सख्त पर्यवेक्षण व्यवस्था होने के बावजूद लंबे समय तक ये कथित अनियमितताएं क्यों नहीं पकड़ी गईं?

**मिलीभगत की आशंका :** क्या यह पूरी व्यवस्था ‘अपने लोगा’ को शामिल करने के लिए एक सुनियोजित तरीके से बनाई गई थी?

**सीबीआई जांच की अटकलें**
मामले की गंभीरता को देखते हुए अब यह चर्चा तेज हो गई है कि राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की जांच सीबीआई को सौंपी जा सकती है। फिलहाल, एसआईटी इस पूरे नेटवर्क की परतें उधेड़ने में जुटी है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि इस पवित्र कार्य में किसने और किस तरह सेंध लगाई।

# आत्मनिर्भर भारत की बड़ी उड़ान: हेलीकॉप्टर ऑपरेशंस के लिए देश की पहली स्वदेशी ‘पिन्स’ प्रक्रिया को मिली मंजूरी

आंध्रप्रदेश(एजेंसी)। देश में पहली बार, आंध्रप्रदेश के उंडवल्ली हेलीपोर्ट पर हेलीकॉप्टर उड़ान के लिए पहली निजी प्वाइंट-इन-स्पेस यानी पिन्स व्यवस्था को मंजूरी दी गई है। इस व्यवस्था में उन्नत उपग्रह तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है। इससे उन हेलीपोर्ट पर हेलीकॉप्टर के सुरक्षित संचालन में मदद मिलेगी जहां लैंडिंग के लिए पारंपरिक व्यवस्था नहीं है। नागर विमानन मंत्रालय ने कहा कि पिन्स प्रक्रिया



ख़राब मौसम और जमीनी नेविगेशन सहायता उपलब्ध न होने की स्थिति में विशेष उपयोगी है। इसका विकास भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने किया है। नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि इस उपलब्धि के साथ ही देश में सुरक्षित उड़ान, प्रचालन दक्षता और हर मौसम में हेलीकॉप्टर उड़ान के एक नए युग की शुरुआत हो रही है। इससे देश के दूसरे हेलीपोर्ट पर भी पिन्स प्रक्रिया अपनाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

# दिल्ली पुलिस का बड़ा एक्शन, आईएसआई का हथियार नेटवर्क बेनकाब




नई दिल्ली(एजेंसी)। दिल्ली पुलिस की विशेष प्रकोष्ठ ने आईएसआई प्रायोजित अंतरराज्यीय आतंकी और हथियार नेटवर्क पर कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी आईएसआई हैंडलर शहजाद भट्टी और उसके साथियों के निर्देश पर राष्ट्रीय राजधानी में आतंकी गतिविधि को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। ऑपरेशन के दौरान दो विदेशी पिस्तौल, नौ जिंदा कारतूस और पांच मोबाइल फोन बरामद किए गए।पुलिस उपायुक्त प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी पकड़े जाने से बचने के लिए विदेशी नंबरों का इस्तेमाल कर रहे थे। यह उनके पाकिस्तानी हैंडलर द्वारा उपलब्ध कराए गए थे। श्री त्रिपाठी ने बताया कि पंजाब के एक आरोपी को दिल्ली में धार्मिक स्थलों और पुलिस प्रतिष्ठानों की रेकी करने का काम सौंपा गया था। उन्होंने यह भी बताया कि उसे शहर में गोलीबारी की घटना को अंजाम देने का भी काम सौंपा गया था।

# बेंगलुरु खदान हादसा : भारी चट्टान गिरने से सात प्रवासी मजदूरों की दर्दनाक मौत, प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख

बेंगलुरु(ब्यूरो)। बेंगलुरु दक्षिण तालुक में एक चट्टान के गिरने से सात प्रवासी श्रमिकों की मौत हो गई। दुर्घटना उस समय हुई जब मदपटना गांव स्थित कावेरी क्रशर पत्थर खदान में एक विशाल चट्टान नीचे खदान में गिर गई, जहां मजदूर काम कर रहे थे। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और खदान के मालिकों की तलाश जारी है। मृतकों में बिहार, मध्य प्रदेश और उत्तरी कर्नाटक के निवासी थे। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए खदान मालिकों के खिलाफ उचित कार्रवाई का निर्देश दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक के बेंगलुरु की पत्थर की



खदान में हुई दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

# असम में बाढ़ का संकट : केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और किरेन रिजीजू ने की स्थिति की उच्चस्तरीय समीक्षा

असम(एजेंसी)। केंद्र सरकार ने असम में हाल की बाढ़ से निपटने के लिए पूरे सहयोग का आश्वासन दिया है। केंद्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने कल गुवाहाटी में राज्य सरकार के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में, सबसे ज्यादा प्रभावित धेमाजी जिले सहित पूरे राज्य में बाढ़ से हुए आरंभिक नुकसान का जायजा लिया।
राज्य के मुख्य सचिव रवि कोटा ने बताया कि बाढ़ से 13 जिलों के करीब 72 हजार लोग प्रभावित हुए हैं। अकेले धेमाजी जिले में करीब 50 हजार लोग प्रभावित हैं। जिले में बाढ़ से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई जबकि आठ अन्य लोग लापता हैं। बाढ़ से सड़कों, पुलों, घरों और



कृषि भूमि सहित करोड़ों रूपये की संपत्ति को नुकसान हुआ है। श्री चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार असम और अरूणाचल प्रदेश में बाढ़ के हालात को लेकर बेहद गंभीर है। उन्होंने कहा कि दिल्ली लौटकर वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बाढ़ के हालात की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों राज्यों में हुए नुकसान का विस्तृत आकलन करने के लिए एक उच्चस्तरीय केंद्रीय अंतर-मंत्रालयी दल भेजा जाएगा।


# यूएनजीए ने एक बार फिर भारत के प्रस्तावित आतंकवाद सम्मेलन को अपनाने का आग्रह किया



यूएनजीए (एजेंसी)। अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक सम्मेलन के लिए भारत के लंबे समय से चले आ रहे प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र महासभा में फिर से समर्थन मिला है। 140 सदस्यों द्वारा अपनाई गई संयुक्त राष्ट्र की वैश्विक आतंकरोधी रणनीति की नौवीं समीक्षा में सदस्य देशों से आग्रह किया गया है कि वे भारत द्वारा तीन दशक पहले प्रस्तावित सम्मेलन को अंतिम रूप देने के लिए हर संभव प्रयास करें। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने कहा कि सर्वमान्य कानूनी ढांचे का अभाव वैश्विक आतंकरोधी प्रयासों को कमजोर करता है। उन्होंने आतंकवाद से निपटने में दोहरे मापदंड न अपनाने पर जोर देते हुए अपराधियों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराने का आह्वान किया। श्री हरीश ने कहा कि यह सम्मेलन अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, अभियोजन और प्रत्यर्पण को मजबूत करेगा और आतंकवादियों को सुरक्षित ठिकाने, धन और हथियार प्राप्त करने से वंचित करेगा। अमरीका, इस्राएल और अर्जेंटीना ने रणनीति के विरुद्ध मतदान किया।

# लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पश्चिम बंगाल विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए दो दिन के विधायी कार्यक्रम का करेंगे उद्घाटन

कोलकाता(एजेंसी)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कल कोलकाता में पश्चिम बंगाल विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए दो दिन के विधायी और संसदीय प्रणाली से संबंधित कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवनिर्वाचित सदस्यों को संसदीय और विधायी कार्यप्रणाली के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराना है। इनमें समिति प्रणाली, वित्तीय निगरानी, संसदीय विशेषाधिकार और विधानसभाओं में डिजिटल प्रयोग जैसे मुद्दे शामिल है। लोकसभा सचिवालय ने बताया कि यह कार्यक्रम विधायकों, पीठासीन अधिकारियों और संसदीय



विशेषज्ञों के बीच संवाद और अनुभवों के आदान-प्रदान के लिए एक मंच भी प्रदान करेगा। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान, विधायी कार्य के प्रमुख पहलुओं को शामिल करने के लिए कई तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।

# हरियाणा 'विकसित भारत-2047' के संकल्प में निभाएगा अग्रणी भूमिकाः मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी



जीत समाचार हरियाणा। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत-2047' के सपने को पूरा करने में हरियाणा राज्य सबसे आगे रहेगा। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा विकास, बेहतर प्रशासन और जनसेवा के मामले में देश के बेहतरीन राज्यों में गिना जाता है।

विकास की रफ्तार होगी और तेज

मुख्यमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि राज्य सरकार का मुख्य लक्ष्य हरियाणा में हो रहे विकास कार्यों की गति को और बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि समाज के हर वर्ग तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचे और राज्य का हर क्षेत्र विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करे।

सुशासन पर जोरः श्री सैनी ने बताया कि हरियाणा सरकार 'सुशासन' के माध्यम से आम लोगों का जीवन आसान बनाने के लिए निरंतर काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि राज्य की जनता के सहयोग से हरियाणा आने वाले समय में देश के विकास का एक प्रमुख इंजन बनकर उभरेगा।

# हरियाणा की बड़ी उपलब्धि: जीएसटी संग्रह में देश के टॉप-3 राज्यों में शामिल



जीत समाचार हरियाणा। हरियाणा ने आर्थिक प्रगति की दिशा में एक और बड़ा कदम बढ़ाया है। राज्य ने जीएसटी राजस्व संग्रह में शानदार प्रदर्शन करते हुए देश के शीर्ष तीन राज्यों में अपना स्थान बना लिया है।

मुख्य बातेंः बड़ी वृद्धिः जून 2026 में हरियाणा ने जीएसटी संग्रह में पिछले साल की तुलना में 14.66 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

टॉप-3 में स्थानः इस प्रदर्शन के साथ, हरियाणा अब जीएसटी संग्रह के मामले में गुजरात और आंध्र प्रदेश के बाद तीसरे स्थान पर है।

छोटा राज्य, बड़ा योगदानः हरियाणा का क्षेत्रफल देश के कुल क्षेत्रफल का सिर्फ 1.34 प्रतिशत और जनसंख्या मात्र 2.2 प्रतिशत है, फिर भी राज्य का राष्ट्रीय जीएसटी संग्रह में लगभग 7.4 प्रतिशत का बड़ा योगदान है।

दोगुनी कमाईः वित्त वर्ष 2018—19 से 2024—25 के बीच राज्य का जीएसटी राजस्व दोगुने से भी अधिक हो गया है, जो राज्य की मजबूत आर्थिक नीतियों को दर्शाता है।

आबकारी एवं कराधान विभाग की आयुक्त श्रीमती आशिमा बराड़ ने इस उपलब्धि पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे राज्य की आर्थिक स्थिरता का प्रतीक बताया है।

# नशा मुक्त हरियाणा : 11 जुलाई को पंचकूला में राज्य स्तरीय आउटरीच कार्यक्रम, मुख्यमंत्री सैनी करेंगे संबोधित




जीत समाचार हरियाणा/झज्जर । हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के संकल्प के साथ राज्य भर में 'हरियाणा उदय आउटरीच' अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं और आमजन को नशे जैसी बुराई से दूर रखना और समाज में नई ऊर्जा का संचार करना है।

समीक्षा बैठक और तैयारियां : मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री अरुण गुप्ता ने हाल ही में सभी जिलों के उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। इसी कड़ी में झज्जर की डीसी श्रीमती वर्षा खांगवाल ने बताया कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम को लेकर जिले में पूरी तैयारियां की जा रही हैं।

11 जुलाई को होगा मुख्य आयोजन : नशा मुक्ति के इस महाअभियान के तहत 11 जुलाई 2026 को पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

कौन होगा शामिल? : इस विशेष कार्यक्रम में राज्य भर से निम्नलिखित लोग हिस्सा लेंगे।

नशा मुक्ति के क्षेत्र में काम करने वाले सामाजिक संगठन।

- गैर-सरकारी संस्थाएं।
- मेडिकल एसोसिएशन के प्रतिनिधि।

विभिन्न जिलों से आए जागरूक प्रतिभागी। झज्जर जिले से भी इस कार्यक्रम में उल्लेखनीय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के इस मिशन को मजबूती दी जा सके।



जीत समाचार
दैनिक समाचार पत्र
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com शुक्रवार, 3 जुलाई 2026

# सम्पादकीय

## संपादकीयः संपादक की कलम से

### युवाओं की गिरती सेहतः नशे की जकड़ में भविष्य

आज हमारा समाज एक अत्यंत संवेदनशील और चिंताजनक दौर से गुजर रहा है। देश का जो युवा वर्ग, जिसे कल का भविष्य और राष्ट्र की रीढ़ माना जाता है, वह धीरे-धीरे नशे की घातक गिरफ्त में फंसता जा रहा है। नशा अब केवल एक सामाजिक बुराई नहीं, बल्कि एक ऐसी महामारी बन चुका है जो धीरे-धीरे हमारी युवा पीढ़ी की जड़ों को खोखला कर रही है।

नशे की दलदलः क्यों फंस रहे हैं युवा?

नशे की शुरुआत अक्सर जिज्ञासा या 'ट्रायल' के तौर पर होती है, लेकिन इसके पीछे के कारण बहुत गहरे और मनोवैज्ञानिक हैं। आज के युवाओं के लिए नशा महज एक शौक नहीं, बल्कि एक 'एस्केप रूट' (बचने का रास्ता) बन गया है। इसके पीछे के मुख्य कारक निम्नलिखित हैं।

मानसिक तनाव और प्रतिस्पर्धा :आज की चकाचौंध भरी दुनिया में करियर, पढ़ाई और बेहतर प्रदर्शन का अत्यधिक दबाव है। इस तनाव को झेलने की अक्षमता युवाओं को नशे की ओर धकेलती है।

पारिवारिक बिखरावः एकल परिवारों के बढ़ते चलन और माता-पिता के बीच संवाद की कमी ने युवाओं को भावनात्मक रूप से अकेला कर दिया है। जब युवा घर में अपनापन नहीं पाते, तो वे बाहर नशे में सुकून तलाशते हैं।

राहत नहीं, विनाश का मार्गः युवा अक्सर यह मान बैठते हैं कि नशा उनके डिप्रेशन, असफलता या अकेलेपन का इलाज है। यह एक घातक भ्रम है। नशा किसी समस्या को सुलझाता नहीं है, बल्कि व्यक्ति की सोचने-समझने की क्षमता और निर्णय लेने की शक्ति को नष्ट कर देता है। यह धीरे-धीरे एक गंभीर लत बन जाती है, जहाँ से वापसी का रास्ता बहुत कठिन और पीड़ादायक होता है।

समाधान की दिशा में कदमः इस समस्या से निपटने के लिए किसी एक व्यक्ति या संस्था की नहीं, बल्कि पूरे समाज के सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।

संवाद की संस्कृतिः अभिभावकों को अपने बच्चों के साथ 'दोस्त' की तरह व्यवहार करना चाहिए। बच्चों के मन में चल रही उथल-पुथल को बिना किसी निर्णय के सुनना और समझना बेहद जरूरी है।

शिक्षा और जागरूकताः स्कूलों और कहलेजों में केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि श्मानसिक स्वास्थ्यश् और 'नशे के दुष्परिणामों' पर खुली चर्चा होनी चाहिए।

सख्त कानूनी और सामाजिक निगरानीः नशे की तस्करी पर लगाम लगाने के साथ-साथ, सामाजिक स्तर पर नशे के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनानी होगी।

निष्कर्षः नशा केवल शरीर को नहीं, बल्कि सपनों और हौसलों को भी मार देता है। एक देश तब तक प्रगति नहीं कर सकता, जब तक उसका युवा वर्ग स्वस्थ और मानसिक रूप से मजबूत न हो। समय आ गया है कि हम नशे की इस चकाचौंध के पीछे छिपे अंधेरे को पहचानें। युवाओं को दोष देने के बजाय, हमें एक ऐसा सुरक्षित और समझदार माहौल बनाना होगा जहाँ उन्हें नशे की नहीं, बल्कि सहयोग और प्रेम की आवश्यकता हो।

याद रखें, एक स्वस्थ युवा ही एक सशक्त राष्ट्र की नींव है।

-कमल पवार




वैदिक ज्योतिष शास्त्र, वास्तु शास्त्र, अंक शास्त्र, सामुद्रिक शास्त्र, लाल किताब, हस्त रेखा, जन्म कुण्डली विश्लेषण और रत्नों की जानकारी के लिए आप सम्पर्क कर सकते हैं.
पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'
93186 82393, 70187 97214.
दिव्या दीप ज्योतिष कार्यालय
bawjiastrology@gmail-com

जीत समाचार
दैनिक समाचार पत्र
जीत सच्ची खबर की

जय श्री गणेश
पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'
दिनांक : 3 जुलाई 2026, शुक्रवार

## आज का पंचांग

तिथि : तृतीया 11:23 नक्षत्र : श्रवण 11:47
करण : विष्टि 11:23 बव : 00:06
पक्ष : कृष्ण योग : विष्कुम्भ 04:59
सूर्योदय : 05:26 सूर्यास्त : 07:23
चन्द्रमा : मकर 00:49
राहुकाल : 10:40 — 12:25
विक्रमी संवतम् : 2083 शक सम्वत : 1948
मास अमांत : ज्येष्ठ मास पूर्णिमांत : आषाढ
शुभ मुहूर्त : अभीजित 11:57 — 12:52

## आज का राशिफल

### मेष राशि
जो भी करें, दिल से करें। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। लोगों से प्रोत्साहन मिलेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे।

### वृषभ राशि
कार्यस्थल पर जो लोग आप को पसंद नहीं करते थे, वे आप के कार्यों की तारीफ करेंगे।

### मिथुन राशि
तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। बेहतर होगा कहीं घूमने चले जायें। आपके अपनों को आप की जरूरत है

### कर्क राशि
अकारण किसी विवाद में फंस सकते हैं। मानसिकता को बदलने की बेहत जरूरत है।

### सिंह राशि
नौकरी बदलने का मन बना चुके हैं। किसी की सिफारिश से कार्य हो सकता है। संचित धन का निवेश लाभप्रद रहेगा।

### कन्या राशि
दिन की शुरुआत में मन उदास रहेगा। किसी विषय को समझने की जिज्ञासा रहेगी

### तुला राशि
विवादित मामलों में विजय प्राप्त होगी। कुछ नया सीखने को मिलेगा।

### वृश्चिक राशि
प्रतियोगिता में सफल होंगे। जीवनसाथी के साथ मतभेद संभव हैं। अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहें।

### धनु राशि
नकारात्मक सोच से निराशा मिलेगी। स्वयं अपने आप पर से नियंत्रण खो देंगे। मित्रों से मतभेद हो सकते हैं।

### मकर राशि
अपने प्रोफेशन से आप न खुश हैं, समय के साथ स्थिति आप के अनुकूल बनेगी। जीवनसाथी का व्यवहार मनोबल बढ़ायेगा।

### कुम्भ राशि
जरूरतमंद लोगों की मदद करें। मांगलिक कार्यक्रमों की रूपरेखा बनेगी। राजनेतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

### मीन राशि
घरेलू कार्यों में व्यस्त रहेंगे। विद्यार्थी परिणामों को लेकर चिंतित रहेंगे। मेहमानों का आगमान हो सकता है।

जीत समाचार TV
जीत सच्ची ख़बर की
जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम!
जीत समाचार आपकी तीसरी आँख वन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

जीत समाचार
दैनिक समाचार पत्र
जीत सच्ची ख़बर की
मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।
R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

# मानसून तैयारी की बैठक में भी मोबाइल में व्यस्त अधिकारी,
## सवालों के घेरे में निगम की गंभीरता

**कमिश्नर मानसून तैयारियों की समीक्षा करते रहे, अधिकारी मोबाइल में व्यस्त नजर आए; तस्वीरों ने उठाए कई सवाल**

लुधियाना | 02 जुलाई 2026 | शर्मा

मानसून से पहले शहर को जलभराव और सीवरेज जाम से बचाने के लिए नगर निगम कमिश्नर ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ एक अहम समीक्षा बैठक की। बैठक का मकसद नालों की सफाई, सीवरेज व्यवस्था और मानसून एकशन प्लान का जायजा लेना था।लेकिन बैठक से सामने आई तस्वीरों ने ही निगम प्रशासन की "गंभीरता" पर सवाल खड़े कर दिए।



### जनता का सवाल:
### कितनी गंभीर है निगम?

हर साल मानसून में शहर के कई इलाके तालाब बन जाते हैं। सीवरेज जाम और सड़कों पर जलभराव से लोग परेशान होते हैं। ऐसे समय में जब अफसरों को पूरी मुस्तैदी दिखानी चाहिए, उनका ध्यान अगर मोबाइल पर होगा, तो ग्राउंड पर काम कितना होगा?

### तस्वीरों ने खोली पोल

तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि जब कमिश्नर साहब महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दे रहे थे, तब भी अधिकारी अपनी कुर्सियों पर बैठे मोबाइल फोन में व्यस्त नजर आए।

### बैठक की तस्वीरें वायरल होने के बाद लोगों में चर्चा है:

"अधिकारी साहब, मोबाइल थोड़ा छोड़िए... कमिश्नर साहब की बात भी सुन लीजिए।"

**मुद्दा ये नहीं कि मोबाइल क्यों चला, मुद्दा ये है कि क्या अधिकारी का पूरा ध्यान मानसून तैयारियों पर था या नहीं ?**

**निगम प्रशासन से सवाल: जब समीक्षा बैठक में ही लापरवाही, तो ज़मीनी स्तर पर तैयारियों की क्या है हकीकत ?**

# "जोन-बी में सब गोलमाल है भाई गोलमाल
## कमिश्नर के आदेशों को जूते की नोक पर रख रहे अफसर ?

**एटीपी ने व्हाट्सएप पर मंगवाई फोटो, फिर फोन उठाना किया बंद | ब्लॉक-31 में कथित अवैध कमर्शियल निर्माण पर उठे गंभीर सवाल**

लुधियाना। 02 जुलाई | जीत समाचार

सुबह कहा था, नगर निगम जोन-B की बारी है"— जीत समाचार ने जो संकेत दिया था, अब उसी कड़ी में जोन-B बिल्डिंग ब्रांच से जुड़े मामले को सामने लाया जा रहा है। ब्लॉक-31 में कथित अवैध कमर्शियल निर्माण को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि नगर निगम कमिश्नर ओजस्वी आर्लंकर के अवैध निर्माणों पर सख्ती के निर्देशों के बावजूद क्षेत्र में निर्माण कार्य जारी है।

ब्लॉक-31 में कथित अवैध कमर्शियल निर्माण



एटीपी ने व्हाट्सएप पर मंग्वाई फोटो




▸ इसके बाद कई बार कॉल किया, लेकिन फोन नहीं उठाया गया।

### "कमिश्नर के आदेशों का पालन हो रहा है या नहीं ?

सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि निर्माण वास्तव में नियमों के विपरीत है, तो उस पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई? स्थानीय लोगों का आरोप है कि ब्लॉक-31 में कमर्शियल निर्माण लगातार जारी है।

### "शिकायतकर्ता ने जताया आभार

शिकायतकर्ता ने जीत समाचार से बातचीत में कहा कि मीडिया द्वारा इस मुद्दे को उठाए जाने से उन्हें उम्मीद जगी है। अब उन्हें निष्पक्ष कार्रवाई की प्रतीक्षा है।

### ▶ एटीपी का नया तरीका: फील्ड विजिट नहीं, पहले व्हाट्सएप पर फोटो

जीत समाचार द्वारा ब्लॉक-31 में बन रही कथित अवैध कमर्शियल बिल्डिंग के संबंध में जोन-B के एटीपी से संपर्क किया गया। आरोप है कि ATP ने पहले व्हाट्सएप पर फोटो भेजने के लिए कहा। फोटो भेजे जाने के बाद उन्होंने बिल्डिंग की जानकारी भी ली, लेकिन इसके बाद किए गए कई फोन कॉल का जवाब नहीं दिया।

### ▶ कमिश्नर के आदेशों का पालन हो रहा है या नहीं ?

यदि निर्माण वास्तव में नियमों के विपरीत है, तो उस पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई? स्थानीय लोगों का आरोप है कि ब्लॉक-31 में कमर्शियल निर्माण लगातार जारी है। हालांकि, इस संबंध में नगर निगम की आधिकारिक जांच या अंतिम निष्कर्ष अभी सामने नहीं आया है।

### अब निगाहें अधिकारियों की कार्रवाई पर

अब यह देखना होगा कि बिल्डिंग ब्रांच के वरिष्ठ अधिकारी और संबंधित प्रशासनिक अधिकारी शिकायत की जांच कर क्या कार्रवाई करते है। यदि निर्माण नियमों के अनुरूप पाया जाता है तो स्थिति स्पष्ट होगी, और यदि अनियमितता मिलती है तो नियमानुसार कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है।

### सबूत के तौर पर फोटो

जीत समाचार का दावा है कि जिस फोटो को एटीपी के व्हाट्सएप पर भेजा गया था, उसे प्रमाण के रूप में प्रकाशित किया जाएगा। इस दावे पर संबंधित अधिकारी का पक्ष उपलब्ध होने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

**जीत समाचार का ऐलान** — **यह सिर्फ शुरूआत है।** भाग 2 में जीत समाचार ब्लॉक-31 से जुड़े दस्तावेजों, स्वीकृत नक्शे (यदि उपलब्ध हों), निर्माण संबंधी रिकॉर्ड तथा अन्य तथ्यों के आधार पर अगला खुलासा प्रकाशित करेगा। यदि संबंधित अधिकारियों या अन्य पक्षों का जवाब प्राप्त होता है, तो उसे भी निष्पक्ष रूप से प्रकाशित किया जाएगा।



दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

# भारी बारिश के बाद एक्शन मोड में नगर निगम, कमिश्नर ओजस्वी आलंकार ने किया शहर का दौरा

**भाई बाला चौक, सग्गू चौक व फिरोजपुर रोड सहित कई इलाकों का लिया जायजा । अधिकारियों को दिन-रात सतर्क रहने के निर्देश**

**लुधियाना, 2 जुलाई। विक्की कुमार**

बुधवार और गुरुवार की दरयांनी रात हुई भारी बारिश के बाद नगर निगम कमिश्नर ओजस्वी आलंकार गुरुवार सुबह स्वयं फील्ड में उतरे और शहर के विभिन्न इलाकों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को 24 घंटे सतर्क रहकर जलभराव व अन्य समस्याओं पर नजर रखने के निर्देश दिए।

कमिश्नर ने भाई बाला चौक, सग्गू चौक, फिरोजपुर रोड सहित कई क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ जोनल कमिश्नर जसदेव सेखों, हेल्थ ऑफिसर डॉ. विपल मल्होत्रा समेत नगर निगम के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।



कमिश्नर ओजस्वी आलंकार अधिकारियों के साथ भाई बाला चौक का निरीक्षण करते हुए।

### हालात पर लगातार नजर

निरीक्षण के दौरान कमिश्नर आलंकार ने बताया कि भारी बारिश के कारण शहर के कुछ स्थानों पर पानी जमा हुआ था, लेकिन नगर निगम द्वारा पहले से किए गए इंतजामों के चलते अधिकांश स्थानों से पानी कम समय में ही निकल गया। उन्होंने कहा कि हालात पर लगातार नजर रखने के लिए नगर निगम की टीमें दिन-रात तैनात हैं।

### रोड धंसने वाली जगह का लिया जायजा

कमिश्नर ने सग्गू चौक के पास सड़क धंसने (रोड केव-इन) वाली जगह का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को मरम्मत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### अधिकारियों को दिए निर्देश

- जलभराव वाले इलाकों की लगातार मॉनिटरिंग करें
- पंपिंग सेट, जेसीबी, ट्रॉलियों आदि की उपलब्धता सुनिश्चित रखें
- सीवरों व नालों की सफाई नियमित रूप से कराएं
- किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई करें
- जनता की शिकायतों का तुरंत समाधान करें

“ 'मिशन क्लीन पंजाब' के तहत, जो स्थानीय निकाय मंत्री हरजोत सिंह बैंस के नेतृत्व में चलाया जा रहा है, नगर निगम के अधिकारी नियमित रूप से फील्ड निरीक्षण कर रहे हैं ताकि लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

“ कमिश्नर ओजस्वी आलंकार ने स्पष्ट किया कि मानसून की तैयारियों को लेकर पहले ही अधिकारियों कों आवश्यक निर्देश जारी किए जा चुके हैं और इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बिन्कुम भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### दिन-रात तैनात हैं टीमें

नगर निगम की टीमें शहर के विभिन्न इलाकों में चौबीसों धंटे तैनात हैं। कंट्रोल रूम से भी लगातार निगरानी रखी जा रही हैं और जरूरत पड़ने पर तुरंत मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान किया जा रहा है।

# CATC-64 का शुभारंभ GNDEC लुधियाना में: एनसीसी कैडेटों के लिए अनुशासन, कौशल एवं नेतृत्व का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

**लुधियाना, 02 जुलाई 2026 (कमल पवार)**

3 पंजाब बटालियन एनसीसी द्वारा आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर CATC-64 का शुभारंभ गुरु नानक देव इंजीनियरिंग कॉलेज, लुधियाना में हुआ। यह 10 दिवसीय शिविर 1 से 10 जुलाई 2026 तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें एनसीसी कैडेटों को नेतृत्व, सैन्य कौशल एवं व्यक्तित्व विकास का गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

3 पंजाब बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अजय कोहली ने शिविर का उद्घाटन किया तथा कैडेटों का स्वागत किया। उन्होंने कैडेटों से अनुशासन, टीम भावना तथा एनसीसी के मूल्यों को अपनाकर इस प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

प्रशासनिक अशिकारी कर्नल जे.पी. शर्मा ने कैडेटों को शिविर की समय-सारिणी, सुरक्षा निर्देशों एवं आचरण संबंधी नियमों की जानकारी दी तथा समयपालन एवं पारस्परिक सम्मान के महत्व पर बल दिया। सूबेदार मेजर कर्नल सिंह ने कैडेटों को शारीरिक फिटनेस, आत्म-अनुशासन एवं आपसी भाईचारे पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया।






शिविर के प्रशिक्षण कार्यक्रम में ड्रिल, हथियार प्रशिक्षण, मानचित्र अध्ययन, फील्ड क्राफ्ट, शारीरिक प्रशिक्षण (पीटी), योग, साहसिक गतिविधियाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा व्यक्तित्व विकास सत्र शामिल हैं। विमिन्न हैं। विभिन्न प्रतियोगिताओं का उद्देश्य नेतृत्व क्षमता का विकास करना तथा राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ करना है।

उद्घाटन समारोह का समापन कैडेटों द्वारा अनुशासन बनाए रखने एवं प्रशिक्षण में सक्रिय सहभागिता की शपथ लेने के साथ हुआ, जिसने एक प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत का संदेश दिया।

# लुधियाना में मानसून के दौरान लोगों की सुविधा के लिए 1700 सीसीटीवी कैमरों वाला 'मानसून वॉर रूम' स्थापित: हरजोत सिंह बैंस

## तकनीक से लैस कंट्रोल सेंटर शिकायतों का करेगा तत्काल निपटारा; लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी

## 'मानसून के लिए जल्द शुरू की जाएगी समर्पित हेल्पलाइन: बैंस'

**लुधियाना, 2 जुलाई: कमल पवार**

मानसून के मौसम के दौरान लोगों की समस्याओं का तत्काल समाधान करने और उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाने के उद्देश्य से पंजाब के स्थानीय निकाय मंत्री स हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि नगर निगम लुधियाना द्वारा एक आधुनिक 'मानसून वॉर रूम' स्थापित किया गया है। यह हाईटेक कंट्रोल सेंटर 1700 सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से 24 घंटे पूरे शहर की निगरानी करेगा।

आज यहां नगर निगम के जोन-डी, सराभा नगर स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) में स्थापित 'मानसून वॉर रूम' का निरीक्षण करने के बाद स हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि इस वॉर रूम की बड़ी स्क्रीन पर उन चौकों, निचले इलाकों और संवेदनशील नालों की लाइव एचडी फुटेज दिखाई जाएगी, जहां जलभराव की समस्या रहती है। इस व्यवस्था के माध्यम से जलभराव का पता कुछ ही सेकंड में चल जाएगा, जिससे नगर निगम की टीमें तुरंत संबंधित स्थान पर पहुंच सकेंगी। इससे कार्रवाई का समय घंटों से घटकर कुछ मिनटों तक सीमित हो जाएगा।





### समर्पित हेल्पलाइन से दर्ज होगी हर शिकायत

कंट्रोल सेंटर के कामकाज का जायजा लेने के बाद स्थानीय निकाय मंत्री ने घोषणा की कि जल्द ही एक समर्पित मानसून हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाएगा। शहरवासी इस हेल्पलाइन पर फोन कर जलभराव, जाम या ओवरफ्लो नालों से संबंधित शिकायत दर्ज करा सकेंगे, जिसे वॉर रूम में तुरंत दर्ज किया जाएगा।

### जियो-टैग के साथ होगी त्वरित कार्रवाई

प्रत्येक शिकायत को शहर के नक्शे पर जियो-टैग किया जाएगा और उसे सबसे निकट की फील्ड टीम को सौंपा जाएगा। समस्या के समाधान होने तक उसकी लगातार निगरानी की जाएगी।

### सरकार का उद्देश्य – त्वरित राहत और समाधान

उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान कर लोगों को तुरंत राहत प्रदान करना है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में हम कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे हैं। 'मिशन क्लीन पंजाब' केवल एक नारा नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर चलाया जा रहा हमारा व्यावहारिक अभियान है।

### समीक्षा बैठक में दिए गए अहम निर्देश

स्थानीय निकाय मंत्री स हरजोत सिंह बैंस ने मानसून के दौरान उत्पन्न होने वाली समस्याओं से निपटने के लिए अधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक में विस्तृत कार्ययोजना तैयार की और निम्नलिखित निर्देश दिए:

- 24 घंटे निगरानी रखने के लिए कंट्रोल रूम को सक्रिय और सतर्क रखा जाए।
- बुड्ढा दरिया और मुख्य सीवरेज लाइनों की सफाई (डी-सिल्टिंग) तुरंत कराई जाए।
- दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सभी मैनहोल ढके जाएं।
- सड़क किनारे लगी जालियों की सफाई नियमित रूप से सुनिश्चित की जाए।
- टूटी सड़कों की तुरंत मरम्मत कराकर लोगों की आवाजाही सुविधाजनक बनाई जाए।
- सभी जोनों में फील्ड टीमों को पर्याप्त मशीनरी, उपकरण और कर्मचारियों के साथ तैनात किया जाए।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

स बैंस ने चेतावनी दी कि सफाई अथवा आपातकालीन ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में मेयर प्रिंसिपल इंदजीत कौर, नगर निगम आयुक्त ओजस्वी अलंकार, वरिष्ठ डिप्टी मेयर राकेश पराशर, डिप्टी मेयर प्रिंस जौहर, संयुक्त आयुक्त तपन भनोट तथा सहायक आयुक्त जसदेव सेखों भी उपस्थित रहे।

### नगर निगम आयुक्त का आश्वासन

नगर निगम आयुक्त ओजस्वी अलंकार ने स्थानीय निकाय मंत्री को कमांड सेंटर की तैयारियों की जानकारी दी और भरोसा दिलाया कि नगर निगम की सभी टीमें पूरी तरह सतर्क और अलर्ट हैं तथा किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

**लुधियाना नगर निगम का यह 'मानसून वॉर रूम' न केवल तकनीक और निगरानी का अद्भुत उदाहरण है, बल्कि यह लोगों की सुरक्षा, सुविधा और संतुष्टि के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। मानसून के दौरान शहरवासियों को हर संभव राहत प्रदान करना ही हमारा लक्ष्य है।**

# हिमाचल सरकार का बड़ा फैसला: एसजेवीएनएल से वापस ली जाएंगी तीन जलविद्युत परियोजनाएं

जीत समाचार शिमला(ब्यूरों)। हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य के जलविद्युत संसाधनों पर अपना नियंत्रण मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने शिमला में ऊर्जा विभाग की एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को तीन प्रमुख जलविद्युत परियोजनाओं को एसजेवीएनएल से वापस लेने की प्रक्रिया शुरू करने के कड़े निर्देश दिए हैं। ये परियोजनाएं होंगी वापस।

- 382 मेगावाटः सुन्नी जलविद्युत परियोजना
- 210 मेगावाटः लुहरी चरण-1 परियोजना
- 66 मेगावाटः धौलासिद्ध जलविद्युत परियोजना



जनता के हितों को प्राथमिकताः बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जलविद्युत हिमाचल की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के प्राकृतिक संसाधनों का अधिकतम लाभ हिमाचल की जनता तक पहुँचाना है। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि प्रदेश के संसाधनों का उपयोग सार्वजनिक हित में हो और राज्य को उसका उचित हिस्सा मिले।

डुग्गर परियोजना की शर्तों पर दोबारा बातचीत : मुख्यमंत्री ने एनएचपीसी द्वारा विकसित की जा रही 500 मेगावाट की डुग्गर जलविद्युत परियोजना पर भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए। कंपनी द्वारा बांध की ऊंचाई बढ़ाने का प्रस्ताव दिए जाने के बाद, सीएम ने अधिकारियों को परियोजना की शर्तों और नियमों पर दोबारा बातचीत करने को कहा है, ताकि संशोधित परियोजना के तहत हिमाचल को उसका उचित लाभ मिल सके। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि सरकार ने 422 मेगावाट की 'किशू बांध परियोजना' पर चल रहे आठ साल पुराने गतिरोध को हल कर लिया है। इस नई व्यवस्था से राज्य को बिना किसी पूंजी निवेश के 211 मेगावाट मुफ्त बिजली मिलेगी, जिससे सालाना लगभग 600 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होने की उम्मीद है।

# हिमाचलः उदयपुर में दर्दनाक हादसा, ड्यूटी के दौरान पत्थर की चपेट में आने से एचआरटीसी परिचालक का निधन



जीत समाचार शिमला। हिमाचल पथ परिवहन निगम के केलांग डिपो में तैनात परिचालक श्री ज्ञान चंद के निधन का दुखद समाचार सामने आया है। उदयपुर में ड्यूटी के दौरान पहाड़ी से गिरे पत्थर की चपेट में आने से उनकी मृत्यु हो गई।

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जताया दुखः प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अपनी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि श्री ज्ञान चंद का इस तरह से जाना अत्यंत दुखद है।

ईश्वर से प्रार्थना : उप मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में विभाग और सरकार मृतक के परिजनों के साथ है।

# बिलासपुरः तंबाकू नियंत्रण को लेकर स्वास्थ्य विभाग सख्त, अभियान के दौरान 16 चालान काट वसूला जुर्माना

जीत समाचार बिलासपुर(ब्यूरों)। जिले में तंबाकू नियंत्रण कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए स्वास्थ्य विभाग और स्पेशल टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने बुधवार को विशेष निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर कड़ी कार्रवाई की गई।

विभिन्न क्षेत्रों में हुई छापेमारीः विभाग की टीम ने चांदपुर, कंदरौर और भगेड़ क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किया। सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा) के प्रावधानों की धज्जियां उड़ाने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए टीम ने कुल 16 चालान किए। इस कार्रवाई के तहत दुकानदारों से 5,900 रुपये का जुर्माना भी वसूला गया।




स्कूलों के पास बिक्री पर चेतावनीः अभियान के दौरान टीम ने शैक्षणिक संस्थानों के आसपास विशेष निगरानी रखी। दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे स्कूलों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री न करें। उल्लंघन करने वालों को भविष्य में सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस प्रकार के निरीक्षण अभियान जारी रहेंगे ताकि क्षेत्र को तंबाकू मुक्त बनाने के लक्ष्य को हासिल किया जा सके।

# ब्रेड से लदी पिकअप चोरी कर भागे चोर, तेज रफ्तार में खाई में गिरी गाड़ीय पुलिस ने दबोचा



जीत समाचार ऊना। जिला के अजनोली क्षेत्र से दिनदहाड़े एक पिकअप चोरी करने वाले चोरों को उनके किए की सजा तुरंत मिल गई। ब्रेड से लदी पिकअप को चुराकर भाग रहे चोरों की गाड़ी थानाकलां के पास अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी।

क्या है पूरा मामला? : मिली जानकारी के अनुसार, चोर अजनोली से ब्रेड की सप्लाई ले जा रही एक पिकअप को लेकर फरार हुए थे। तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण थानाकलां के समीप चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया और पिकअप सड़क से नीचे सीधे खाई में जा गिरी।

पुलिस की कार्रवाईः हादसे में गाड़ी सवार चोरों के घायल होने की सूचना है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चोरी हुई पिकअप और उसमें लदा सामान बरामद कर लिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

लोगों में चर्चा : स्थानीय लोगों का कहना है कि अपराधी भले ही कितनी भी तेजी से भागने की कोशिश करें, लेकिन गलत काम का अंजाम अंततः बुरा ही होता है। चोरों के साथ हुआ यह हादसा क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

